—:: कार्यवाही विवरण ::—

M/s Arpa Coal Benefication & Energy LLP द्वारा Village-Bhilai & Ralia, Tehsil-Masturi, District-Bilaspur (C.G.) में प्रस्तावित Greenfield Wet Type Coal Washery Project Based on Heavy Media Cyclone Technology- 2.6 MTPA के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु अतिरिक्त कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) की अध्यक्षता में **दिनांक 25/08/2025 को प्रातः 11:00 बजे स्थान मिनी क्रिकेट स्टेडियम ग्राम–जयरामनगर, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)** में आयोजित लोक सुनवाई का कार्यवाही विवरण :–

भारत शासन, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की, ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत् M/s Arpa Coal Benefication & Energy LLP द्वारा Village-Bhilai & Ralia, Tehsil-Masturi, District-Bilaspur (C.G.) में प्रस्तावित Greenfield Wet Type Coal Washery Project Based on Heavy Media Cyclone Technology- 2.6 MTPA के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया।

उक्त परियोजना हेतु लोक सुनवाई दिनांक 07/01/2025 को प्रातः 11:00 बजे स्थान क्रिकेट मैदान, ग्राम पंचायत परसदा (किसान), तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में नियत की गई थी, जिसकी सूचना स्थानीय समाचार पत्र **पत्रिका**, बिलासपुर में दिनांक 06/12/2024 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र **फायनेंशियल एक्सप्रेस**, नई दिल्ली के मुख्य संस्करण में दिनांक 06/12/2024 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तत्समय प्रस्तावित परियोजना के संबंध में आपत्ति/सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी, सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया था। इस दौरान कोई भी लिखित/मौखिक आवेदन/आपत्ति/सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई तथा जिसे अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.) के आदेश पत्र क्रमांक/क/स.व.लि./लो.सु./2025 बिलासपुर दिनांक 06/01/2025 के द्वारा उक्त आयोजित होने वाली लोक सुनवाई को अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक स्थगित किया गया था।

पुनः प्रस्तावित परियोजना के लोक सुनवाई **दिनांक 25/08/2025 को प्रातः 11:00 बजे स्थान मिनी क्रिकेट स्टेडियम ग्राम–जयरामनगर, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)** में आयोजित करने हेतु स्थानीय समाचार पत्र **पत्रिका**, बिलासपुर में दिनांक 09/08/2025 तथा राष्ट्रीय समाचार पत्र **फायनेंशियल एक्सप्रेस**, नई दिल्ली के

मुख्य संस्करण में दिनांक 09/08/2025 को लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई। भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 09/05/2022 के तहत् में परियोजना के संबंध में आपत्ति/सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार, प. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया था। इस दौरान लोक सुनवाई के संबंध में सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां/आपत्तियों के संबंध में इस कार्यालय को 04 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ हैं।

ई.आई.ए. अधिसूचना 14/09/2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार की प्रति (हिन्दी व अंग्रेजी) एवं इसकी सी.डी. (साफ्ट कापी) जन सामान्य के अवलोकन/पठन हेतु कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यालय, जिला पंचायत बिलासपुर, जिला–बिलासपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा0), कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तूरी, जिला–बिलासपुर, कार्यालय मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बिलासपुर, जिला–बिलासपुर, क्षेत्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, व्यापार विहार पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, बिलासपुर, **सरपंच/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत–भिलाई, रलिया, परसदा, गतौरा, जयरामनगर, देवगांव, पाराघाट, बेलटुकरी, भनेसर, कछार, मस्तूरी, हरदा, भदौरा, मोहतरा, कुरूभाटा, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.),** डायरेक्टर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, वायु विंग, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली, क्षेत्रीय निदेशक, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) में रखी गई।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि **दिनांक 25/08/2025 को प्रातः 11:00 बजे स्थान मिनी क्रिकेट स्टेडियम ग्राम–जयरामनगर, तहसील–मस्तूरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)** में आयोजित की गई। लोक सुनवाई की कार्यवाही निर्धारित समय पर आरंभ की गई।

सर्वप्रथम श्री शिव कुमार बनर्जी, अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ

श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथा संशोधित) के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में संक्षिप्त जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक की ओर से उद्योग प्रतिनिधि **श्री निखिल कुमार, जे.आर.सी. इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा** के द्वारा M/s Arpa Coal Benefication & Energy LLP द्वारा Village-Bhilai & Ralia, Tehsil-Masturi, District-Bilaspur (C.G.) में प्रस्तावित Greenfield Wet Type Coal Washery Project Based on Heavy Media Cyclone Technology- 2.6 MTPA के परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को अवगत कराया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर पीठासीन अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर, जिला–बिलासपुर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात् उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया गया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्रीमती गनेशिया बाई, ग्राम–खैरा** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।
2. **श्रीमती हल्काचंद, ग्राम–खैरा जयरामनगर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।
3. **श्रीमती सिरीत बाई, ग्राम–खैरा** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।
4. **श्रीमती सकरबाई, ग्राम–खैरा** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।
5. **श्रीमती अनिता, ग्राम–खैरा जयरामनगर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।
6. **श्रीमती अंचल, ग्राम–खैरा** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।
7. **श्रीमती अंबिका भात, ग्राम–जयरामनगर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए।
8. **श्रीमती रायगढ़हीन, ग्राम–देवगांव** :– समर्थन के लिए आये हव।
9. **श्रीमती सुकृता बाई यादव, ग्राम–देवगांव** :– समर्थन के लिए आये हव।

10. **श्रीमती राशन बाई, ग्राम–देवगांव** :– समर्थन के लिए हमुमन आये हव।

11. **श्रीमती कमला बाई, ग्राम–देवगांव** :–समर्थन के लिए आये हव।

12. **श्रीमती ललिता भात, ग्राम–देवगांव** :– समर्थन के लिए आये हव।

13. **श्रीमती कोमहीन भात, ग्राम–देवगांव** :– समर्थन के लिए आये हव ।

14. **श्रीमती फूलोबाई, ग्राम–देवगांव** :– समर्थन के लिए आये हव।

15. **श्रीमती भकतीन बाई, ग्राम–देवगांव** :– समर्थन के लिए आये हव।

16. **श्रीमती कुसुम बाई, ग्राम–देवगांव** :– काम होना चाहिए।

17. **श्रीमती हल्का बाई भात, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

18. **श्रीमती रेखा भात, ग्राम–देवगांव** :– समर्थन के लिए आये हव।

19. **श्री दीपक कुमार भानू, ग्राम–बेलटुकरी** :– मैं समर्थन के खिलाफ हूॅ। क्योंकि पहले भी राशि प्लांट खुल चुका है। जिसमें क्षेत्रीय लोगों को रोजगार नहीं दिया गया। ये भी प्राईवेट कंपनी है वादा बस करती है। लोकल ग्रामीणों को ही देंगे रोजगार, ऐसा कभी नहीं हुआ है। इसके हम लोग विरोध में है। हमारे गांव को बहुत तकलीफ भी बहुत होती है। क्योंकि पानी की समस्या ऑलरेडी है हमारे गांव में।

20. **श्री द्रविण कुमार टंडन, ग्राम–भनेसर** :– मैं इस कंपनी के खुलने का विरोध करता हूॅ। क्योंकि हमारे ग्राम–भनेसर में तीन कोल वॉशरी ऑलरेडी है। अगर उसने किसी को रोजगार दिया होगा। हमको दिखाकर बता दे कि परमानेंट ढूंढे उसको रोजगार दिया है। दिया भी है तो ठेकेदारी में चला रहा है तो 250 रूपया रोजी दे रहा है। 8 घंटा मजदूरी में 300–400 देना चाहिए कि नहीं देना चाहिए। मैं इसका समर्थन भी नहीं करूंगा विरोध भी नहीं करूंगा। क्योंकि सब चीज जमीन बेचने वालो की है। अगर जानते है कि कोल वॉशरी खुलना है तो जमीन को बेचना ही नहीं चाहिए था।

21. **श्री ठाकुर जग्गू सिंह, ग्राम–जयरामनगर** :– कोल वॉशरी खुलना चाहिए। बेरोजगारो को रोजगार मिलेगा।

22. **श्री मनीराम यादव, ग्राम–जयरामनगर खैरा** :– खुलना चाहिए माने खुलना चाहिए। सभी जगह वही हाल है खुल रहा है तो रोक नहीं सक रहे है। कोई बोल नहीं सक रहा है सब डस्ट तो खा ही रहे है। एनटीपीसी का इतना धूर्रा आ रहा है कोई आदमी रोक सकता है क्या एनटीपीसी का धूर्रा, हर समय में आता है बैठे–बैठे है लोग कोई बोल सकता है क्या उन लोगों को कोई नहीं बोल सकता है।

23. **श्री अंकित साहू, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

24. **श्री दुकालू सिदार, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

25. **श्री सोमनाथ केवट** :– प्लांट खुलना चाहिए।

26. **श्री रोहित सिदार** :– प्लांट खुलना चाहिए।

27. **श्री समीर यादव** :– प्लांट खुलना चाहिए।

28. **श्री करन** :– प्लांट खुलना चाहिए।

29. **श्री मनोज दास, खैरा जयरामनगर** :– प्लांट खुलना चाहिए भाई रोजगार मिलेगा।

30. **श्री फागू लाल साहू, ग्राम–जयरामनगर खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

31. **श्री भानू प्रताप साहू, ग्राम–जयरामनगर खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

32. **श्री मोतीलाल साहू** :– प्लांट खुलना चाहिए।

33. **श्री रजत कुमार ओगरे, ग्राम–देवगांव** :– प्लांट खुलना चाहिए। प्लांट खुलने से रोजगार मिलेगा। समर्थन करते है।

34. **श्री रूपेश कुमार वस्त्रकार, ग्राम–पाराघाट** :– प्लांट खुलना चाहिए।

35. **श्री श्याम खांडेकर, ग्राम–पाराघाट** :– प्लांट खुलना चाहिए। ताकि क्षेत्र का विकास हो।

36. **श्री भागवत वस्त्रकार, ग्राम–पाराघाट** :– प्लांट खुलना चाहिए।

37. **श्री मदन लाल वस्त्रकार, ग्राम–पाराघाट** :– प्लांट खुलना चाहिए। हम समर्थन करते है।

38. **कु. अंजनी रात्रे, ग्राम–जयरामनगर** :– मेरा भी समर्थन है कि प्लांट खुलना चाहिए। ताकि बेरोजगार को रोजगार मिल सकें।

39. **कु. नीतू रात्रे, ग्राम–जयरामनगर** :– प्लांट खुलना चाहिए।

40. **श्रीमती सोनबाई, ग्राम–पाराघाट** :– नौकरी मिलना चाहिए।

41. **श्री सरोज कश्यप** :– प्लांट खुलना चाहिए।

42. **श्री राम सिदार, ग्राम–खैरा जयरामनगर** :– प्लांट खुलना चाहिए।

43. **श्री सिद्धू, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए। हम लोग को रोजगार मिलना चाहिए।

44. **श्री कुलदीप यादव** :– प्लांट खुलना चाहिए।

45. **श्री सनसिदार, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

46. **श्री राम शंकर साहू, जयरामनगर** :– प्लांट खुलना चाहिए। बेरोजगार को रोजगार मिलना चाहिए।

47. **श्रीमती पंचकुंवर सिदार, ग्राम–खैरा** :–प्लांट खुलना चाहिए।

48. **श्रीमती दूजबाई, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

49. **श्रीमती कविता वस्त्रकार, ग्राम–पाराघाट** :– प्लांट खुलना चाहिए। सबको नौकरी मिलना चाहिए।

50. **श्रीमती शीतला वस्त्रकार, ग्राम–पाराघाट** :– प्लांट खुलना चाहिए।

51. **श्रीमती दुर्गेश कुमार वस्त्रकार, ग्राम–पाराघाट** :–प्लांट खुलना चाहिए। हमन गरीब आदमी हन। मोर एक ठीक लईका ला लेना चाहिए।

52. **श्रीमती साधमती, ग्राम–खैरा** :– घरवाला खत्म हो गये है मैं मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं पाये हव। मैं गरीब आदमी हव।

53. **श्री जितेन्द्र यादव, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना है।

54. **श्री हितेश पटेल, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

55. **श्री श्याम लाल, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए।

56. **श्री जीतराम भार्गव, ग्राम–कछार** :– प्लांट खुलना चाहिए, लेकिन क्षेत्रीय आदमी को प्राथमिकता देना चाहिए हर काम के लिये, ये नहीं कि बाहर से लाकर यहां रखते जाए ।

57. **श्री रामेश्वर साहू, ग्राम–बेलटुकरी** :– मैं ग्राम पंचायत बेलटुकरी का पूर्व सरपंच, वर्तमान में मेरा श्रीमती सरोज साहू सरपंच है ग्राम पंचायत बेलटुकरी का, और यहां ये कोल वाशरी अरपा कोल वाशरी खुल रहा है, इसका मैं विरोध कर रहा हूं, ये अरपा कोल वाशरी नहीं खुलना चाहिए, नहीं खुलना चाहिए, ये अरपा कोल वाशरी खुलने से हमारे जयरामनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलटुकरी, भनेसर यानि यहां के जनजीवन जो अस्त–व्यस्त हो जायेगा। उनको घुट–घुट के मरने के लिये बेहोश होना पड़ेगा और ये सोच रहे हैं थोड़ी थोड़ी पैसे के लालच में आकर के लोगों को भड़काया जा रहा है कि खुलना चाहिए कहके, ऐसा नहीं होना चाहिए ये जनहित का मुद्दा उठाने के लिये मैं जनप्रतिनिधि के नाते यहां पर बोल रहा हूं ये जो कोलवाशरी खुल रहा है यहां से हमारे जो ग्राम पंचायत बेलटुकरी, भनेसर और भिलई का जो तीनों गांव के गांव की जो जीवनयापन होता है उसी जीवनदायिनी

वहां से नाला बहा हुआ है, उस नाला में हमारे तीनों गांव के जो मवेशी का निस्तारी का जो व्यवस्था है उसे हमारे भिलई के, बेलटुकरी के और भनेसर के तीनों गांवो के लोग निस्तारी करते हैं उस नाले में, उस नाले का क्या होगा ऐसे कोलवाशरी खुलने से हमारे हरदा, रलिया, राख, पंधी, बेल्दी यहां के लोगों के लिए आने–जाने में, वहां के बच्चे जो हैं जयरामनगर में आकर के पढ़ाई करते हैं, हमारे जयरामनगर मेन शहर है यहां का, यहां से हमारा जीवनयापन, खरीदारी, जो भी लेनदेन जयरामनगर हमारा बाजार है। यहां से रेल्वे स्टेशन है, यहां पर मंडी है, यहां से जैसे जाने का रास्ता है, ये जयरामनगर हमारा मार्केट है, मार्केट जयरामनगर आने–जाने में हमें बहुत सारा दिक्कत होगा, ऐसे कोलवाशरी का हम विरोध करते हैं। पूरे गांववासी के ओर से भिलई, रलिया, कछार, हमारा नवागांव गांव है कि वो उसमें नहीं जोड़ा जाए जो प्रभावित गांव है, आप उसको छोड़के जितना ज्यादा दूर का गांव है, उसको इसमें लिया गया है और ये कोलवाशरी का हम विरोध करते हैं, पूरजोर विरोध करते हैं। आज हमारे गांव का, मवेशी का, वहां पर पानी पीने के लिए बेबस हो जाएंगें। उसमें मछली का धंधा भी करते हैं हमारे गरीब लोग उस नाले में और गांव के किसान लोग कर रहे हैं, कई जगह एनीकेट बना हुआ है, जिससे हमारे किसानों का जीवनयापन होता है। ऐसे जो हमारा जीवनदायिनी नाला है, उसका भी उस कोलवाशरी खुलने से उसमें पूरा नुकसान ही नुकसान है। वहां से महज 500 मीटर में हमारे पूर्व माध्यमिक शाला और मिडिल स्कूल बेलटुकरी में है। वहीं से 500 मीटर में पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई में खुला हुआ है। रलिया भी वहीं से नजदीक है और पूर्व से हम लोग जो पर्यावरण प्रदूषण की मार एनटीपीसी से भुगत रहे हैं उस समय भी मैं सरपंच था, तो वो बोले कुतुबमीनार से उंचा रहेगा चिमनी खुलने दीजिये कोई धुंआ से प्रभावित नहीं होंगे और इसको दबा के रखे थे जो यहीं जो पड़ा हुआ है धूल उड़ने वाला दिन ये दिन अभी आया है और जहां पर जिसको फायदा मिला है एनटीपीसी का उनको तो प्रदूषण नहीं हो रहा है लेकिन हमारे बेलटुकरी, कछार, हलाडीह जो प्रभावित नहीं हैं एनटीपीसी से हमलोग धूल खा रहे हैं, हमारा जीवन अस्त–व्यस्त है, बीमारी से ग्रस्त हैं, पूरे ग्रामवासी, हमारे क्षेत्रवासी आज उसके बाद ये राशि कंपनी खुला उस समय भी मैं सरपंच था, वो भी एनओसी दिये थे, वो भी बोले थे कि कोई परेशानी नहीं होगा, आज हमारे क्षेत्र के लोगों को वहां घुसने नहीं देता, बड़ा–बड़ा प्लांट लगाया है, उससे धूल उड़ता है हमारे बच्चे मिशन पढ़ने आते हैं, जयरामनगर पढ़ने आते हैं, आना–जाना बंद हो गया है सुबह से शाम तक के बच्चे को अगर स्कूल भेज दिये रहते हैं तो हमारा ध्यान लगा रहता है कि कैसे बच्चे सुरक्षित आयेंगे की नहीं इस प्रकार से बड़े–बड़े उद्योग से खतरा बना रहता है और ये कोल वाशरी के खुलने से पूरे रोड में, पूरे

क्षेत्र में गाड़ी को ऐसे चलायेगा कि हमारे क्षेत्र के लोग जो घर बनाये हुए हैं अभी उनको छोड़के जाना पड़ेगा यहां से, अभी की जो सुख–सुविधा है उसको मत देखो खुल के विरोध करो अभी नहीं जागोगे तो कब जागोगे फिर पीछे पछताओगे, अभी से जाग जाओ विरोध करो, पर्यावरण जो मंत्रालय है वो हमारे साथ है, तो ये कोलवाशरी है इसका मैं पूरजोर से मैं, समस्त ग्रामवासी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष हूॅ उसके सीपत ब्लाक कांग्रेस की ओर से पूरे सभी की ओर से मैं ये जो कोलवाशरी जो है न सिर्फ अभी हमारे लोगों को कोई रोजगार भी नहीं मिलेगा। इससे अगर आप लोग सोचते होंगे कि इतना बड़ा कोलवाशरी आप लोग देख रहे हैं एनटीपीसी में किसी को रोजगार नहीं मिला है हमारे क्षेत्र वालों को जितने लोग धूल खा रहे हैं उनको और राशि कंपनी में भी देख रहे हैं ये छोटा सा कोलवाशरी यहां पर हो रहा है इसमें भी कितना प्रदूषण हो रहा है इसको भी आप लोग देख रहे हैं इसका आप सब साक्षी हो इसके बाद भी आज जो जमीन को लिये हैं उसमें बताये भी नहीं है कि इसमें कोलवाशरी खुलेगा कि नहीं खुलेगा, किसानों से बिचौलियों के द्वारा लिया गया है और आज इसमें कोल वाशरी का जन सुनवाई कराया जा रहा है इस कोलवाशरी के जनसुनवाई का मैं पूरजोर विरोध करता हूं।

58. **श्री अभयनारायण राय, ग्राम–महमंद** :– मैं अभयनारायण राय, उपाध्यक्ष अरपा विकास प्राधिकरण, इस जनसुनवाई में अरपा कोल बेनिफिकेशन का विरोध करता हूॅ और रलिया निवासरत बस्ती के कुछ लोगों को कंपनी के लोग को ये बोले होंगे, रोजगार की बात कर रहे हैं ये इसके लगने के फायदे बता रहे होंगें ऐसे कोलवाशरियों को लेकर बहुत सी बातें लगातार हम लोग अपने क्षेत्र में देखते हैं, ग्राम–रलिया एवं उसके आसपास के 10 गांव की हजारों एकड़ जमीन किसानी की है, किसानी होती है, आज सरकार धान का उचित मूल्य दे रही है, समर्थन मूल्य दे रही है। किसानी से हमको आज फायदे का सौदा है फिर हम क्यों अपनी जमीन उद्योगपतियों को बेच रहे हैं, क्यों हम कोलवाशरी अपने गांव में धुंआ, प्रदूषण और तमाम प्रकार की जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, जल जीवन के लिये हानिकारक है उनको स्थापित करने जा रहे हैं इसको आप लोग जरूर स्वीकर करिये। मैं यही निवेदन करता हूॅ कि आज के फायदे के लिये, एक कहावत है फायदे के लिये कायदे नहीं भूलाना चाहिए। आज आपको फायदा दिख रहा है आपका 25 एकड़ 30 एकड़ खेती की जमीन खरीदकर कोई उद्योगपति वहां वाशरी लगा रहा है और वो लाभ की बात कर रहा है तो वह स्थापना के पहले झूठ बोलना चालू कर दिया है। स्थापना के बाद क्या होगा। वो एनटीपीसी का 100 किलोमीटर के दायरे में देख लीजिये जहां–जहां कोल वाशरी है, एक बार उस गांव

का भ्रमण करके आप आ जाइये, जो लोग पक्ष में बात कर रहे हैं उनसे निवेदन कर रहा हूँ कि अपना फायदा नुकसान आप देख रहे हैं। बात करो तो आपत्ति है, मैं आपसे पूछ रहा हूं, कितने लोगों ने कोल वाशरी स्थापना की मांग की थी, एक आवेदन दिखा दीजिये, किस संस्था के बाहर कोल वाशरी स्थापित होने एनओसी देने के लिये आप लोग आये हैं, पर्यावरण विभाग से पूछ रहा हूं कितने में क्या है, कितने लोगों ने एनओसी ली है, कि आप जन सुनवाई करने के लिये चले आये हैं जब एक बार स्थगित हो गई थी सुनवाई तो फिर किस जनता ने कहा कि जन सुनवाई होनी चाहिये। दूसरी बात आप सब गांव से निकल कर आये हैं आप अधिकारी बने हैं, लेकिन रहने वाले आप ग्रामीण इलाके के हैं। पर्यावरण को पब्लिक से ज्यादा आप समझते हैं पर्यावरण की मैडम बैठीं है श्रीवास्तव मैडम वो समझती हैं, एसडीएम साहब बैठे हैं वो समझते हैं, अर्चना झा मैडम आई हैं वो समझती हैं। आज कौन सा रोजगार सृजन होने जा रहा है और कितने रोजगार सृजन होंगें, किन–किन पदों में रलिया गांव के लोगों की भर्ती होगी क्या ये डिक्लीयर किया है कंपनी ने, सारे लोग जो आज कंपनी के लिये घूम रहे हैं, जो लोग बाहर से आये हैं वही लोग कंपनी में आकर काम करेंगें, उद्योग लगने के बाद रोजगार के लिये बरगलाएंगे, अगर सरकार को कोई उद्योग ही लाना था तो ऐसा उद्योग लाते जिसके लगने से कोई फायदा होता। सबसे बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई किसानों को और दूसरी समस्या होगी पीने का पानी कोल वाशरी में पीने का पानी हमारा कोल वाशरी के खाते में जायेगा। सिंचाई का पानी हमारा कोल वाशरी के खाते में जायेगा। न सिंचाई के लिये पानी मिलेगा, न पीने के लिये पानी मिलेगा और हम सब पानी के लिये भी तरसेंगें अगर कोई फैक्ट्री लाना है तो लाइये जिसमें खेती हो, जिसको आप 25 एकड़ जमीन में लगाएंगे, तो न पानी की आवश्यकता पड़ेगी और इण्डस्ट्री लग जायेगी और रोजगार बढ़ेगा। मैं तो यह भी कहता हूं कि उद्योगपति से ज्यादा जिला प्रशासन और हमारा मस्तूरी प्रशासन इनको सपोर्ट करके हम सबके साथ छल कर रहा है प्रशासन का विरोध और जन सुनवाई का भी विरोध और हमारी लड़ाई केवल यहां विरोध दर्ज कराने तक नहीं है। हम इसको लेके आवश्यकता पड़ेगी तो कोर्ट के दरवाजे भी खटखटायेंगें, न्याय के रास्ते से हम इसका विरोध करेंगें, मैं आप सबके समक्ष उपस्थित हुआ। इसका विरोध दर्ज करने के लिये और मैं निवेदन करता हूँ अधिकारियों जो उद्योगपति के तरफ न देखे आप देखिये मस्तूरी की जनता की तरफ, मस्तूरी के किसानों की तरफ, जल का उपयोग करने वाले जो पीने का पानी है आप सब गांव वालों में न स्कूल की व्यवस्था है न पानी की व्यवस्था है। अभी जो सड़क से आया हूँ पुरानी मस्तुरी से हो के, मैं अधिकारियों से निवेदन करूंगा पुरानी मस्तूरी हो के जायेंगे, हाईवे से नहीं जायेगें,

मेरी कार गड्ढे में समा गई थी। ये तो सड़को की हालत है, उसको सुधार के लिए कोई जन सुनवाई नहीं है एक उद्योगपति का उद्योग लगाने के लिये जन सुनवाई हो रही है। मै इसका विरोध करता हूॅ, धन्यवाद।

59. **श्रीमती अनुप्रिया जगत, ग्राम–खैरा** :– प्लांट खुलना चाहिए और रोजगार के लिये प्लांट खुलना चाहिए।

60. **श्री शशिकांत तंबोली, जयरामनगर** :– जय छत्तीसगढ़ आप सभी महानुभावों का मैं सादर अभिनंदन करता हूॅ, मैं किसी अधिकारी कर्मचारी को ऐसे व्यक्तिगत परिचय से तो नहीं जानता, आप सभी का अभिनंदन करता हूॅ नमस्कार। मैं कोल वाशरी से पीड़ित व्यक्ति हूं, गतौरा में कोल वाशरी है, हिन्द एनर्जी करके वहां मेरा प्लाट लगा हुआ है, मैं उससे इतना दुखी हूॅ कि मैं अपने पिताजी को फेफड़े की बीमारी से खो चुका हूं और अपने बड़े भाई को वहां खेती करते हुये हार्ट अटैक से खो चुका हूं और मैं वहां पर आज के तारीख में मेरे बोर से पानी आना बंद हो गया है क्योंकि वहां के कोल वाशरी में 12 इंच, 8 इंच, 10 इंच का बहुत गहरा–गहरा बोर खुदा हुआ है। इसलिये मैं फसल उगा नहीं पाता और थोड़ा बहुत भी मिलता है मेरे को तो मेरे को सोसाइटी में काला धान है कहके भगा दिया जाता है। ये मैं एक किसान होने का दर्द झेल रहा हूॅ, ताकि आप लोगों को समस्या न हो, और मैं तो पिता जी खो चुका हूं, बड़ा भैया खो चुका हूॅ, आप लोगों को भी कुछ खोने के लिए है तो कोल वाशरी का स्वागत करिये अन्यथा आपका इच्छा है और इसमें हमारे बच्चों का कितना नुकसान होगा अभी तो इतना हाईवा चल रहा है इसके बाद और कितना चलेगा जब एक्सीडेंट होते जाएगा तब पता चलेगा कि हमने क्या कर दिया। किसान को अन्नदाता का स्वरूप मिला है लेकिन अन्नदाता का किसी प्रकार का कोई कदर और इज्जत नहीं है और मैं इससे ज्यादा और क्या कहूॅ। जो भी समर्थन करने वाले भाई–बन्धु है और जो है उनके दिमाग में ये बात को डाला हूॅ मैं बहुत दुखी किसान हूॅ न मेरे को मुआवजा मिलता है पानी पड़ता है बरसात का काला–काला मेरे पास वीडियो है। यहां पर प्रोजेक्टर होता तो मैं जरूर दिखाता मेरे खेत की स्थिति क्या है और मैं अनुरोध करूंगा शासन से कि मुझे उस जगह से कुछ मुआवजा दिलवाने का प्रयास करेंगें। मैं आवेदन लगाउंगा आप लोगों के पास और मुझे न्याय देने की कृपा करेंगें और इतना कहके मैं अपना स्थान ग्रहण करता हूॅ। मेरा पूरा खेती गतौरा कोल वाशरी के पास है, आप लोग इस चीज को समझियेगा, दुख–दर्द को समझियेगा मेरा एक किसान होने के नाते क्योंकि मैं एक किसान होते हुये भी पंजीयन होते हुये भी धान नहीं बिक पाता और मुझे उस काले

धान के लिये कितना सुनाया जाता है मैं जानता हूँ, चॉवल नहीं खा पाता मैं उसमें का ये दर्द झेलते हुये बैठा हूँ महोदय आप लोगों से भी निवेदन है कि किसानों के हित में ही इस चीज को ध्यान में रखते हुये आप लोग भी निर्णय लेंगे अधिकारी महोदय से निवेदन है। जय हिन्द, जय भारत, जय छत्तीसगढ़।

61. **श्री विवेक शर्मा, जयरामनगर** :– सभी प्रकार से त्रस्त जीवन हमारे क्षेत्र का है, यहां से राशि प्लांट महत 02 किलोमीटर में है। जहां पे प्रस्तावित हो रहा है आपका वाशरी जयरामनगर रेल्वे साइडिंग जो कोल वाशरी बन चुकी है वो महज 1.5 किलोमीटर में है, प्रस्तावित जगह से 500–500 मीटर की दूरी में तीन–तीन शासकीय विद्यालय है। उसमें बच्चों का भविष्य, उन बच्चों की जिंदगी कैसे कटेगी वो आप लोग समझिये, गैस पाईप जो गेल कंपनी का है वो उस जमीन के नीचे से निकला हुआ है, दुर्घटना क्या घटेगी वो प्रशासन समझे। आये दिन इस रोड में कितने एक्सीडेंट होते हैं इसकी जानकारी कोई नहीं बता सकता है। उस एक्सीडेंट में कितने परिवार के कर्णधार, बच्चे, महिलायें खतम हो रही हैं उसकी जानकारी आप सबको है उसके बाद भी यदि कोई अनभिग्य होंके इस कोल वाशरी का सपोर्ट करेगा, तो मेरे हिसाब से इससे बड़ा दुर्भाग्य हमारे क्षेत्र के लिये नहीं होगा, इसलिये मैं पूर्णता खुल के इस क्षेत्र में रलिया ही नहीं इस पूरे क्षेत्र में कोल वाशरी का विरोध करता हूँ, नहीं खुलना चाहिये ।

62. **श्री मेघनाथ खाण्डेकर, ग्राम–बरमकेली** :– मेरा गॉव जहां रलिया में स्थापित हो रहा है कोल वाशरी उससे 02 किलोमीटर मेरा घर है, लेकिन पर्यावरण के अधिकारी लोगों को पता नहीं क्या हो गया था हमारे गांव को पर्यावरण के अनुकूल ही नहीं समझे 5000 के आबादी वाला गांव है। पर्यावरण का बिल्कुल निष्क्रियता है। मेरे गांव को छोड़कर के मस्तूरी तक के उन्होंने नाम लिखा है, लेकिन मस्तूरी वहां से 07 किलोमीटर है मेरा गांव 02 किलोमीटर है। मैं इस कोल वाशरी का पूरा विरोध करता हूँ। हमारा कोल वाशरी खुलने से अभी वर्तमान में राशि कंपनी जो है जहां से ट्रक आती है स्टेशन से जो ट्रक आती है कोल लेकर आती है जयरामनगर जहां ओवरब्रिज बन रहा है आप लोग देखेंगे वहां पर एकात तालाब बन गया है। कोई ध्यान नहीं देते हैं बच्चे लोग गिर जा रहे हैं कई लोगों का मौत भी हो चुका है, लेकिन इसको कोई ध्यान नहीं देते हैं। आज ये जन सुनवाई जो हो रहा है मेरे को लग रहा है कि सरकार स्वयं करा रही है। क्योंकि यहां कर्मचारियों और अधिकारियों से कम तो जनता है यहां पर, इस टाईप का जन सुनवाई जो कर रहा है दबावपूर्वक गांव के लोग आ भी नहीं पा रहे हैं रास्ता भी खराब कर दिये हैं और

कहीं न कहीं दबाव में कुछ लोग आ भी नहीं पा रहे हैं। मैं इस कोल वाशरी का पूरा–पूरा विरोध करता हूँ, कोल वाशरी नहीं खुलना चाहिए।

63. **श्री जयरामप्रसाद भानू, ग्राम–बेलटुकरी** :– मैं ए कोल वाशरी खोलत हे तेखर बर पूर्ण रूप से विरोध करत हंव, काबर सरकार ह काहत हे शासन ह काहत हे सब काहत हे एक पेड़ ल अपन दाई के नाम म लगावा, त दाई के नाम म लगावा त अभी जतका लगाहा कोल वाशरी खोलही त पूरा पर्यावरण नुकसान, जल प्रदूषण नुकसान, संपूर्ण नुकसान होही। अभी सम्मानीय बोली है ओला कोई सब प्रशासन के ध्यान नई दय अउ ये कोल वाशरी के इंहा स्थापना करे हे, इहां शिविर लगाय हें, पूरा एकरो सेती मैं विरोध करत हंव काबर के इंहा आश्रित गांव नो हे खैरागढ़ ह रतीस त बेलटुकरी म रतिस, रलिया म रतिस, राशि के ओ पार रतिस, आधा आदमी तो आय नई हे जगह के, लईका मन आय नई हे जगह के, अहि तीर तखार मन हवय, अउ जतका भी सरकारी कर्मचारी हे ते मन हंवय अउ सब अइसे कहत हें वास्तविक म देखे जाय त सही मायने म रतीस त पर्यावरण ल देखके अउ वायु प्रदूषण ल देखके, जल प्रदूषण ल देखके अधिकारी कर्मचारी घला मन पढ़े लिखे हें इ मन पर्यावरण ल देखके येखर पूरा विरोध करतीन जइसे अभी हमन एकर विरोध करत हन। हमरे सगा मन येखर विरोध नई करत हें, अभी बताईसे तंबोली जी ह पूरा ओखर परिवार खतम हो गय हे कोल वाशरी गतौरा के नाम से भनेसर म हे ओ नाम से अभी कोल वाशरी अगर खुलही त जतका भी पानी हे तेन नरवा में जाही एतका जनता हवन चार पांच ठन गांव के ओखर जीव–जन्तु के कोई क्रियाविधि नई कर सकय येला अधिकारी मन ला सोचना चाही बड़े–बड़े पढ़े लिखे आदमी, कलेक्टर आय हे, एस.पी. आय हे जतका भी अधिकारी आय हे येहु मन ला सोचना चाही अउ जेतका भी ठेकेदार हे तेनो ला समझना चाही अरे एक झन बड़का सेठ मन कोल वाशरी करत हे ओ अधिकारी मन ला सोचना चाही कतना आदमी के नुकसान हे, पशु–पक्षी के नुकसान हे, ये ही ल सोच–समझ के तुमन खोला अउ पूर्ण रूप से विरोध हे। सबसे पहली ये विरोध हे के येकर जन सुनवाई तेन ला ओ पार रहना चाहिए पूर्ण विरोध करत हव अउ मोर नाम लिख लव जयराम प्रसाद भानु सेवा निवृत प्रधान पाठक मैं इंग्लिस टीचर रहेव अभी पूछ लब जतका हे ततका ला मास्टर रहेव गुरू जी रहेव अउ गुरूजी रहू। बोलो जय हिंद भारत माता की जय।

64. **श्री कमल भार्गव, ग्राम–कछार सरपंच प्रतिनिधि** :– अरपा कोल वाशरी के मैं पूर्ण विरोध करत हंव, खुलना नहीं चाहिये, खुलना नहीं चाहिये।

65. **श्री तरूण सिंह चावला, ग्राम–जयरामनगर** :– मेरी राईस मिल का बिजनेस है। जिस हिसाब से ग्रवरमेंट वहां पर कोल वाशरी खोल रही है। मेरे को लगता है दुकानदारी छोड़कर मुझें भिख मांगना पड़ेगा क्योंकि वहां पर अन्न अनाज तो होना नहीं है। कोल वॉशरी खोलने के बाद जो हमारा सौ डेढ़ सौ साल पुराना खदान रहेगा ना हमारी मंदिर रहेगी, ना हमारा वहां का वातावरण रहेगा इसलिये मैं इस अपरा कोल वॉशरी का घोर विरोध कराता हूॅ और मैं इसके बिलकुल पक्ष में नहीं हूॅ। हमको आज चालीस साल हो गया जयराम नगर में रहते इतनी दुर्दशा इसके पहले हमने जयराम नगर की कभी नहीं देखी। हमारा खुद का व्यापारी संघ इतने तकलीफ में है। गतौरा ग्राम की सड़के आप कभी जाकर देखईयेगा। हम आज इतने तकलीफ झेलते है। हम अपनी जिंदगी को अपनी हथले में लेकर चलते है और हम उस रस्ते से चलते है तो ये सोचते हैं कि वापस आ पायेंगे कि नहीं आ पायेंगे। इतने हम तकलीफें झेलते है। जब कुछ अधिकारी हमारे साथ जायेगा तो हमारा दर्द समझेगा। एक हमारा फाटक पिछले पांच साल से खुला पड़ा हुआ है सरकार उसमें कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सरकार सिर्फ अपना इनकम देखती है बस। आम पब्लिक और पर्यावरण से किसी को कोई लेना देना नहीं है। सिर्फ अपनी आवक देखती है। बस। तो मै तरूण सिंह चावला इस अपरा कोल वॉशरी को घोर विरोध करता हूं और इसके बिल्कुल पक्ष में नहीं हूॅ।

66. **श्री मंगलराम सिदार, ग्राम–हरदाडीह** :– मैं ग्राम हरदाडीह का सरपंच हूॅ। कोल वॉशरी नहीं खुलना चाहिये। हमारे गांव के खिलाफ है।

67. **श्री रविकांत पटेल, ग्राम–हरदाडीह** :– मैं ग्राम हरदाडीह का उप सरपंच प्रतिनिधि बोल रहा हूं। यहां हमारे यहां कोल वॉशरी नहीं खुलना चाहिये। यहां बच्चे लोग मेन रोड में स्कूल आते जाते रहते हैं बहुत दुर्घटना हाने की संभावना है। इसलिये यहां कोल वॉशरी नहीं खुलना चाहिये।

68. **श्री शिव नारायण साहू, ग्राम–रलिया :–** कोल वॉशरी यहां नहीं खुलना चाहिये हमारे यहां से तीन सौ बच्चे आते जाते है। कभी भी किसी भी का दुर्घटना हो सकता है। हम पुरजोर विरोध करते हैं कि यहां कोल वाशरी नहीं खुलना चाहिये।

69. **श्री आयुष शर्मा, ग्राम–जयरामनगर** :– मैं सर कोल वाशरी को संपूर्ण विरोध करता हूं। मैं पेशे से किसान हूं। जो कि सबसे ज्यादा कोल वाशरी से ज्यादा प्रभावित

जमीन हमारा ही है। हमारा पैतृक जमीन है वहां पर सर लाल बहादुर शास्त्री जी ने एक नारा दिया था जय जवान जय किसान वो सिर्फ नारा ही रह गया है। जवान की तो इज्जत हो रही है किसान को बिल्कुल नहीं हो रही है। सिर्फ हमारी बातें और चीजें हवाबाजी में हो रही है। हो सके तो बिल्कुल इस प्रोजेक्ट को रद्द किया जाये किसी भी तरीके से और जो लोग सपोर्ट में बोल रहे हैं कि रोजगार मिलेगा तो 3 एकड़ जमीन सर के पास भी है जिनकी कोल वॉषरी है उनको बोलियेगा 3 एकड़ में सब्जी का उत्पादन करेगा तो सौ लोगों से उपर को रोजगार मिलेगा। बो भी गांव के लोग है। वो स्कील्ड लेबर नहीं है। जो स्कील्ड लेबर हैं वो बाहर से आयेंगे और अनस्कील्ड लेबर ही यहां पर मिलते है। और पर्यावरण को कोई प्रभाव पड़ेगा और लोगों को सब्जीयां सस्ते में मिलेगी तो इसी के साथ मैं अपना विरोध जताता हू। और बिल्कुल भी नहीं खुलना चाहिये। हमारा किसी भी प्रकार का इन्फ्रास्ट्रचर ना रोड इन्फ्रास्ट्रचर ना वॉटर इन्फ्रास्ट्रचर कुछ भी सपोर्ट नहीं कर रहा इस चीज को। बिल्कुल नहीं खुलना चाहिये। बाकी आपकी इच्छा सर।

70. **श्री प्रहलाद साहू, ग्राम–खैरा** :– ये आयोजन ला गर्मी के दिन म रखे रहतीस त सरकार ल समझाये के काई जरूरत नई पड़तिस। जब धुर्रा गर्दा उड़ात आथे न तो खैरा से लेके मस्तुरी तक जाथे। अउ बरसात के दिन म आयोजन रखे हे। गांव आदमी मन ल बेवकुफ समझथे ये ह उचित नई हे। येही आयोजन जनसुनवाई ह अगर गर्मी के दिन म होतीस त सरकार ह आंखी कान ल रमज देतीन। मै चाहत हव के ये कोलवाशरी झन खुलय। मैं ऐखर विरोध करत हव।

71. **श्री छबिसिंग बंजारे, सरपंच संघ अध्यक्ष** :– ये बड़ा दुख की बात है कोल वाशरी जो खुल रहा है। गांव में जितना अभी धूल हो रहा है। क्योंकि की किसान तो धान बो नहीं पायेगा। ना कुछ भी हो पायेगा मैं इसका विरोध करता हूं।

72. **श्री देव सिंह सोनवानी, जिला चेयरमेन मानव अधिकार बिलासपुर** :– आज ये जन सुनवाई होत हे। रलिया प्रोजेक्ट म कोयला के येकर बर जनसुनवाई होत हे ये क्षेत्र कय झन कोलवाशरी ल खोल जा सकत हे मौका हे। बार बार जनसनुवाई होथे जनता बार–बार आंदोलन करथे। आप मन ला अधिकारी मन ल बार–बार आवेदन भी देथे। आवेदन दे के बाद भी का सुनवाई करे हा, सबसे बढ़िया अब देखा अरदा से लेक रेमशाही के रोड बर अतेक साल होगे हर एक बच्चा ह गिरत हपटत स्कूल वो ह जात हे पांच ठीक गांव के अभी कलेक्टर, एसडीएम सब ला आवेदन दे गेहे कभू सुनवाई करे हव आप मन। नई करे ह ऐ कोन टाईप के जन सुनवाई ये जब

जनता के निराकरण नई हो सकय। तो जनता के सुनवाई नई कर सका। ओ आप कल से इस्तिफा दे देवा। नई कर सका ना। आज जनता मन छोटे–छोटे बच्चा मन गिरत हे। आज आठ साल होगे कलेक्टर ला आवेदन दिये आउ एसडीएम भी ल जेकर आज तक के सुनवाई नई होइस। जेकर पैसा हे वोखर जन सुनवाई ये बहुत गलत बात ये। आज जनता मन ला चुतिया बनात हे छत्तीसगढ़िया मन ला भोला भाला समझ के। अउ अइसनहा कोल वाशरी नई खुलन दन। अरे आये दिन ये राखड़ आत हे एनटीपीसी के त कोईला खा के पेट ला भरिहा। ये कोल वाशरी जयराम नगर ले कोईला जात हे। अउ जगह–जगह ले आत हे। आये दिन एक्सीडेंट होत हे काखर सुनवाई होत हे। ये काखर जन सुनवाई ये। अइसनहा जन सुनवाई मत कराव। जनता के नई सुन सका ता। अगर ये खुलही त खुल के आंदोलन किये जाही। केस करे ल पड़ही त केस करबो जेल जाये ल पड़ही त जेल जाबो।

73. **श्री कृष्ण कुमार राठौर, ग्राम–गतौरा, उप सरपंच प्रतिनिधि** :– अरपा कोल वाशरी के विरोध म मै खड़े हव। मै कोल वाशरी के ऐकरसेती विरोध करत हव यहां हाईवा चलही त आये दिन एक्सीडेंट होही येकर भुक्तभोगी मै खुद हव मोर पिताजी एक्सीडेंट म खतम होय हे। जब ये राशि प्लाट ले गाडी जात रहीस तब। येकर से जन धन सब के हानी होही। येमा प्रदूषण भी बहुत बढ़ही। ये मा व्यापारी मन फायदा उठा के चले जाही। किसान मजदूर हम मन रोग से भोगत रहिबो। ये बहुत परेशानी हे। अरपा कोल वाशरी के खुल के विरोध करत हव मैं।

74. **श्री अनिल चरण, ग्राम–बिलासपुर, मजदूर नेता किसान नेता** :– मैं ग्लोबल वॉर्मिग से बयान करता हूं। ढेर सारे करीबी रिश्तेदार है यहां पर जिसके यहां आता जाता रहता हूं। हम आंदोलन को जायेगे। आप समझदार है सर।

75. **श्रीमती सत्यकली बावरे, ग्राम–बिनौरी, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र. 13 बिलासापुर** :– ये कोल वाशरी के मैं विरोध करत हव। बिल्कुल नही खुलना चाहिये। हमर मस्तुरी म कतका बढ़िया रहिस हे छत्तीसगढ़ ला कहिथे धान के कटोरा, आज कोल वाशरी खुलही त का होही धान के कटोरा के। मैं येखर खुल के विरोध करत हव। जन प्रतिनिधी होय के नाते जतनता ला प्रलोभन दे के कंपनी के रूप मा आके । जनता ला बहला फुसला के जमीन खरीद के कोल वाशरी खोलत हे। अगर बिजनेस लगाना हे त कोई अच्छा से बिजनेस लगाव जेमा हमार जनता के हित होय। मैं येखर खुल के विरोध करत हव ये अपन कोल वाशरी ल वापस लेवय।

कंपनी ह हमर जनता ला फ्री रूप से रहे देय। कोईला धुल खिलाई अउ जनता का प्रलोभन दे के जनता मन ला भी मै बालत हव क्यो खुलना चाहिये बतावा कंपनी बिल्कुल धोखा देथें और ना ही कोई विकास करै। अपन विकास करे बर आये हे। आज बड़े बड़े कंपनी लगाये हे वो अपन विकास करे बर आथे। अपन विकास करथे। मैं अधिकारी मन ला भी निवेदन करत हव बिल्कुल दोबारा बैठक नयी होना चाहिये कोल वाशरी के लिये। यदि लगाना ही हे जमीन खरीद डारे हे तो जन हित म कोई बिजनेस लगाये। लेकिन कोल वाशरी के लिये मैं बिल्कुल सहमत नइ हव। कितना बड़े बड़े हाईवा चलही आये दिन दुर्घटना होही ओखर जिम्मेदार कौन होही। कोई नई आव जेकर घर के जान जाही वोखर घर के जान जाही। मैं ऐखर खुल के विरोध करत हव बिल्कुल नहीं खुलना चाहिये। येखर लिये चाहे हाईकोर्ट के दरवाजा खटखटाय पड़ही बिल्कुल खटटवाहू अउ सुप्रीमकोर्ट जाये ल पड़ही ता सुप्रीमकोर्ट जाहूं। लेकिन मै येला खुले नई दौ। मैं कुछ दिन पहले कंपनी के मैनेजर ल फोन करे रहेव क्या हो रहा है करके तो मेरा फोन नहीं उठाया। आज ये जन प्रतिनिधी को फोन नहीं उठा रहा है। तो आम जतना को फोन उठायेंगे क्या ? कम से कम पूछना तो चाहिये क्यो फोन किये हो दीदी करके। मैं जनता से अपील करती हूं कि आप बिल्कुल इसमें सहमत मत होईये। अब इस कोलवासली को खुल कर विरोध करती हूं। करते रहूंगी। बिल्कुल यहां पर नहीं खोलना है। यदि लगानी है तो कुछ अच्छा बिज़नेस लगाएं। जनता का सेवा करें। उसके लिए मैं चाहती हूं कि हमारे जनता का भी उद्धार हो जाए। लेकिन कोलवाशरी से बिल्कुल नहीं होने वाला क्योंकि जान उसमें रखा हुआ है। आदमी का जान चला जा रहा है। इतना खुल चुके हैं भाई। बिजनेस वहां लगाया जाता है जहां जंगल है, जहां कुछ है वहां पर कोलवाशरी को लगाया जाता है। यह नहीं कि ग्रामीण के पास लगा रहे हैं। जहां पर निवास करते हैं हमारे जनता। अभी जनता को समझ नहीं आ रही है। कुछ दिन लग जाएगी। फिर जनता समझ जाएंगे क्या होता है। कपड़े में जो धुल रहेगा जितना भी। मैं क्या बताऊं? खाने में धुल रहेगा जितना भी लेंगे लोग। मैं खुल के विरोध करती हूं। यह दोबारा नहीं होना चाहिए। यदि होगा तो फिर हमसे पहले कुछ हो जाएगा। हम जाएंगे आवाज के लिए। जहां भी जाना पड़ जाए, चाहे हमको जेल जाना पड़ जाए, हम जेल जाएंगे। जनता के लिए।

76. **श्री लखन टंडन, ग्राम पंचायत बेलतरा, ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति ब्लॉक अध्यक्ष** :— मैं अरपा कोलवासरी के विरोध कर करत हव। विरोध एकर बर हे के छत्तीसगढ़ ला धान के कटोरा कहिथे, लेकिन ये सिर्फ मौखिक रहिगे हे धान के कटोरा ह ये उद्योग के कटोरा होगे हे। व्यापारी के कटोरा होगे हे बड़े—बड़े

उद्योगपति मन के कटोरा होके रहिगे हे। मैं येकर विरोध करत हव। अभी ये हमर बगल म हे कोल वॉशरी ये कोल वाशरी म जाके देखव के कै एकड़ खेत बंजर पड़े हे। ये कोल वाशरी खुल से अउ कई एकड़ खेत बंजर पड़े रईही। ऐकर हम पुरजोर विरोध करत हन। अउ आने वाला समय म यदि शासन प्रशासन ध्यान नई दिही तो आगे के लड़ाई लड़बो। चाहे हमन ल कुछ भी करे ल पड़य सरपंच गांव के जनता मिल के हमन सड़क से लेके चक्का जाम धरना प्रदर्शन सब करबो। हम सब जनता के साथ म रहिबो। ऐकर हम खुल के विरोध करत हन।

77. **श्री निर्भय दास मानिकपुरी, ग्राम भिलाई** :– ये बहुत ही दुखभरी कहानी है। यह जो अरपा कोल बेनिफिकेशन जो है। आज हमारे ग्राम भिलाई में खुलने को है। इसके पहले यह एक जनवरी को किसान परसदा के मैदान में सुनवाई होना था। मैं उसमें बढ़चढ़ के हिस्सा लेकर के उस तिथि को स्थगित करवाया था। उसके बाद फिर जब आया और आज जो कोलवासरी खुलने वाला है उस जगह से 300 मीटर में मेरा घर है। वहां तीन–चार मकान बना हुआ है और वह रास्ता आपका सीपत से लेकर के हरदाडीह, रलिया और जयरामनगर को आती है। मैं जहां 300 मीटर में हूं आप समझ सकते हो। वहां कोलवशरी खुलने से मेरे परिवार के साथ–साथ आसपास के जितने भी क्षेत्र के वासी हैं उनका क्या हाल होगा। हमारे जो सीपत एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर जो सीपत में खुला हुआ है इसका राखड़ जो है कुछ तक की जाती है। सोचो कहां तक ये दूरी तय करती है और जो कोलवाशरी जो मेरे घर के सामने खुलने वाली है। आप सब भली भांति परिचित है उद्योग बनता है अरबपतियों के लिए, गरीबों के लिए नहीं है। अभी हम जो गरीब इसलिए बने हुए हैं कि एक रुपया फ्री का जो चावल है हम उसमें निकम्मा हो चुके हैं। हमारी जमीन जो है बड़े बड़े उद्योगपति लेकर के अपना कहना चाहिये बना रहे हैं तो किसान जो है खेती कहां से कर पाएंगे और यह कैसे किसानी की बात रही। उसके बाद जब कोलवाशरी आ गई तो यहां हर नागरिक आसपास के जितने भी उनको कैंसर, छय रोग और न जाने क्या बीमारी होगी, यह तो ऊपर वाले ही जानेंगे। मैं चाहता हूं कि अरपा कोलवासरी जो है यहां न खुले।

78. **श्री करन मधुकर, ग्राम–गतौरा, देवरी** :– कोलवाशरी वापस जाओ, वापस जाओ। कोलवाशरी वापस जाओ, वापस जाओ। वक्त बहुत कम है। जितना दम है लगा दो और कुछ लोगों को मैं जगाता हूॅ, कुछ लोगों को आप जगा दो। पूर्व में भी सात जनवरी को हमारे ग्राम गतौरा, भिलाई किसान परसदा, रलिया, बेलटुकड़ी पूर्व में भी सात जनवरी को जन सुनवाई यहां होने वाला था। उस समय भी हमने पुरजोर से

विरोध किया था। पर यह कोलवासरी खोलने वाले आपको यह नहीं बताएंगे कि उस कोलवासरी के आसपास के जो गांव हैं, जो ग्राम है उसमें क्या उनको नुकसान होगा। यह कोलवासरी प्रबंधक और उसके कोलवासी किन्हीं भी प्रकार से कोई भी संस्थापक कोई नहीं बता पाएंगे। निकलने वाली है कोलवासरी से अर्सेनिक, सेलेनियम जैसे ऐसे रासायनिक तत्व निकलेंगे जिसके माध्यम से पूरा आसपास में रोग और बीमारी का बाढ़ आ जाएगा। हमारे गांव के तालाब, पानी, जंगल, जमीन सब नष्ट हो जाएगा। यह हमको और आपको समझना है साथियों। यह व्यक्ति जितने भी हमारे पूर्व में भी गतौरा के पास राखड़ डेम खुला है उसमें से ना जाने कितने सारे ऐसे पूरे कण और ऐसे प्रदूषण पूरा आसपास का प्रदूषण रहित कर दिया गया है। ऐसे परिस्थिति में वहां कोई भी व्यक्ति आंगन में खाना खा नहीं पाता है। सभी अपने आप अपने आप को आत्महत्या करने के समान पाते हैं। आज फिर हमारे गांव के समीप ऐसे कोलवासरी खुलने वाला है। साथियों, मैं आपको बता दूं इससे हमारे फसल बर्बाद होगा, इससे हमारे पानी जल का स्तर कम हो जाएगा, इससे हमारे जंगल नष्ट हो जाएगा, इससे हमारे जमीन बंजर हो जाएगा। पर यह प्रबंधक कोई आपको नहीं बताएगा। आस पास सिर्फ हमारा मस्तूरी विधानसभा में हमारे आस पास इतने सारे कोल फैक्ट्रियां और इतने सारे डेम बना दिया गया है जिसके मस्तुरी आज पूरा प्रदूषित रहा है और सबसे ज्यादा मस्तूरी आज प्रदूषण है। साथियों आपसे निवेदन है इस कोलवासरी का पुरजोर विरोध करें नहीं तो आने वाली पीढ़ी हमको कोसेगी। आने वाली पीढ़ी बोलेगी कि ना बड़े भाई, ना हमारे माता, ना पिता उस समय जागरूक थे परंतु किन्हीं भी प्रकार से कोई भी विरोध नहीं किया। हमको आने वाली पीढ़ी को देख कर चलना है, इसलिए इस कोलवासरी को विरोध करना है। दो शब्द के माध्यम से मैं आपके अपने अंतस्त में आप लोगों के दिल में पहुंचाना चाहता हूं कि हो गई फिर पर्वत से अब पिघलनी चाहिए इन्हीं किन्हीं हिमालय में अब गंगा निकलनी चाहिए। मेरे आस पड़ोस के गांव घर हर एक व्यक्ति चाहे वो जिंदा हो, चाहे वो मृत उसके मुंह से विद्रोह और विरोध होना चाहिए और हंगामा खड़ा करना हमारा मकसद नहीं। सारी कोशिश है कि सूरत बदलनी चाहिए और मेरे सीने में नहीं तो तुम्हारे सीने में सही आग कहीं भी हो लेकिन जलना चाहिए। अरपा कोलवासरी वापस जाओ। अरपा कोलवासरी वापस जाओ।

79. **श्री लखन सुबोध, ग्राम–मस्तूरी** :– दोस्तों मेरा नाम लखन सुबोध है और मैं मस्तूरी में 1982 में सरपंच था और इस इलाके का मैं रहने वाला हूं। और इन गांव में जहां पर यह प्रस्तावित कोलवासरी खुलने वाला है, इसके संबंध में मैंने लोगों से मिला,

जानकारी लिया और उसके आधार पर हम लोगों ने आज की इस जन सुनवाई के विरोध में हमने एक पत्र लिखा है जनसुनवाई के प्रभारी अधिकारी को। मैं ज्यादा कुछ नहीं बोल करके इस पत्र को पढ़ देता हूं और पढ़ने के बाद में आप समझ लेंगे कि हम लोग किस तरह के आपत्ति दर्ज कर रहे हैं। इस कोलवासरी का विरोध करने के लिए हमने एक प्लेटफार्म बनाया है जिसका नाम है कोलवासरी दुष्प्रभावित ग्रामीण संघर्ष समिति सीडब्ल्यूडीजीएसएस और इसके प्रति प्रभारी अधिकारी जो भी है यहां पर उनको संबोधित किया गया है। हमारा आपत्ति निम्न बिंदुओं पर है। सबसे पहले नंबर वन जनसुनवाई के स्थान संबंधी आपत्ति जहां की जमीन ली जा रही है, उस गांव में ही जनसुनवाई होनी चाहिए। परंतु आज वहां जनसुनवाई हो रही है। वह गांव से दूर है। रेल पटरी के दूसरी तरफ है। जिस वजह से प्रभावित लोगों को आने में परेशानी है। अतः इस जनसुनवाई को निरस्त कर कोलवासरी की प्रस्तावित जमीन के पास इस जनसुनवाई को करवाना चाहिए। दूसरा प्रोजेक्ट की जानकारी कानून के अनुसार जो कानून कहता है उसमें लिखा हुआ है। प्रोजेक्ट की जानकारी लोकल भाषा हिंदी में नहीं दी गई है। हमें इस प्रोजेक्ट की जानकारी समय से नहीं दी गई है। हमें जो भी जानकारी मिली है वह अंग्रेजी भाषा में ही है, जिसे हम नहीं समझ सकते। कानून के मुताबिक इस क्षेत्र में हिंदी में जानकारी दी जानी चाहिए थी। इसीलिए इस जनसुनवाई की कोई मान्यता नहीं है। तीसरा हमें रोजगार की उपलब्धता का झांसा दिया जाता है और भरगाना दिया जाता है पर आज दिनांक तक हमें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है कि कितनी नई नौकरियां उपलब्ध होंगी। किस श्रेणी की होंगी, स्थाई होंगी या अस्थाई होंगी और उनकी क्या पात्रता होगी। इस जानकारी के अभाव में यह जनसुनवाई स्थगित होनी चाहिए। चौथा हमारी जमीन को, किसानों की जमीन को धोखा देकर खरीदा गया है। हमसे बोला गया कि किसी प्रयोग के लिए जमीन खरीदी जा रही है। अगर हमें पता होता कि जमीन पर कोलवासरी बनेगी तो हम बिक्री के लिए कभी सहमत नहीं होते। पांचवां अगर इस जमीन को उद्योग के लिए उपयोग किया जाना था तो इसका नियमित रूप से भू–अर्जन कानून दो हज़ार तेरह के अंतर्गत अधिग्रहण किया जाना चाहिए था, जिससे हमें मुआवजा भी ज्यादा मिलता और नौकरी और अन्य लाभ भी मिलता। छठवां, यह क्षेत्र हरित क्षेत्र है इसलिए जमीन और फसल बुरी तरह से बर्बाद हो जाएगा और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सातवां, पहले ही एनटीपीसी सीपत द्वारा कृषि भूमि को ले लिया गया है जिससे कृषि के लिए जमीन कम है। हमको, इसको हम अन्य प्रयोजन में देने के लिए पूर्ण रूप से असहमत हैं। हमारे गांव में मवेशी चलाने के लिए भी पर्याप्त भूमि नहीं है। आठवां, कोयले की वासरी से हमारे जल स्त्रोत प्रदूषित हो जाएंगे, जिससे

गांव में पीने के पानी की भी समस्या हो सकती है। नवां, वाशरी के राखड़ से गांव में वायु प्रदूषण भी बढ़ जाएगा, जो पहले से ही एनटीपीसी के सीपत प्लांट के कारण एक गंभीर समस्या बन चुका है। इससे फसल, सब्जी, घर, मनुष्य, मवेशी पर भी दुष्प्रभाव पड़ेगा। दसवा, कोयले की वासरी से कृषि भूमि के उत्पादकता पर भी असर पड़ेगा, जिससे हमारी वार्षिक आय भी कम होगी। ग्यारवां, प्रतिवर्ष हमारे गांव से लगभग चार सौ पचास से ज्यादा युवा–युवतियां पलायन करते हैं बाहर। इस कंपनी के लगने से और भी लोग पलायन करने के मजबूर हो जाएंगे क्योंकि कृषि बर्बाद हो जाएगा तो लोगों को कृषि आधारित रोजगार भी नहीं मिलेगा। बारहवां, भारी ट्रकों की आवाजाही के कारण रलिया और भिलाई के ग्रामीणों को बहुत परेशानी होगी। साथ ही हॉस्पिटल, स्कूल आने जाने का भी रास्ता प्रभावित होगा। तेरहवां, अंतिम बिंदु, प्रभावित क्षेत्र के नजदीक तीन स्कूल हैं, जिनके बच्चों के स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण और लगातार भारी ट्रकों की आवाजाही से दुष्प्रभाव पड़ेगा। चौदवां, जयरामनगर में इस क्षेत्र का एकमात्र सरकारी अस्पताल है जो बहुत प्रभावित होगा आने जाने के माध्यम से अतः उपरोक्त कारणों को ध्यान रखते हुए हम आपसे अनुरोध करते हैं कि उक्त कोल वाशरी की स्थापना भिलाई और रलिया गांव में नहीं की जाए और इस जन सुनवाई के प्रावधानों के विफल होने के कारण निरस्त किया जावे और हमने इसमें संलग्न किया हुआ है। सरपंच ग्राम भिलाई द्वारा जिला बिलासपुर दिनांक 19.08.2025 एवं एसडीएम मस्तूरी दिनांक 20.08.2025 को प्रेषित पत्र की छायाप्रति है और नीचे हमने आवेदकों का जो लोगों के दस्तखत किया है और मैं आपको बताना चाहता हूं हमारे सम्मानित प्रशासन के लोगों को, हमारे तमाम नागरिकों को कि ये जो अगर सुनवाई रद्द नहीं की गई, यह जो कोल वाशरी की स्थापना रद्द नहीं की गई तो लोग समझते हैं कि कलेक्टर साहब ही पर्याप्त है। जी नहीं, इसके बाद भी तमाम आपत्तियों पे कंपनी एक्सन लेगा कलेक्टर साहब रिपोर्ट देखेंगें। हम संतुष्ट नहीं होंगें। तो कलेक्टर साहब को पार्टी बना देंगें। हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट तक जायेंगे।

80. **श्री भगत सिंह यादव, ग्राम–जोंधरा :–** यहॉ प्लांट नहीं खुलना चाहिए। जो कि एन. टी.पी.सी. हमको जमीन दिये है। लेकिन आज तक नौकरी नहीं मिली। उसको पूर्ण रूप से जिला प्रशासन समर्थन देता है। जानता है कि उसके बाद भी जिला प्रशासन समर्थन देगा। कोल वाशरी प्लांट खुलेगा तो प्रदूषण बढ़ेगा, दुर्घटना होगी और कई प्रकार की बिमारियॉ होगी। इसको मै कोल वॉशरी विरोध करता हुॅ। युवाओं को रोजगार मिलेगा, उनको झासा दिया जाता है। लेकिन क्षेत्रीय लोगो को रोजगार नही मिलता। इसलिए मै विरोध करता हुॅ। जब उस दिन एन.टी.पी.सी. के

अधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी थे, और तो किसानों को बोलने का मौका नहीं दिये। इतने समर्थन दे रहे, प्रशासन के इतने लोग जो कि समर्थन दे रहे थे। मै क्षेत्रवासी और ग्रामवासी से अनुरोध करता हुं, कोल वाशरी खुलने का विरोध किया जाये।

81. **श्री प्रदीप कुमार साहू, ब्लाक–मस्तूरी :–** मै अरपा कोल वाशरी के विरोध करत हव। फस्ट बिन्दु बताथव, कोल वाशरी खुलही ता लईका मन जब स्कुल जाही ता बड़े–बड़े ट्रक चलथे ऐम दूर्घटना होय के संभावना बढ़ही। दूसरा बिन्दु मै बताथव जब कोई कोल वाशरी खुलथे ता गांव के मन ला आज तक के कोई सुविधा नई देवय। बस गांव के जनता मन ला भूलवा के रखथे। ये पाये के मै विरोध करत हव। तिसरा बिन्दु मै बताना चाहत हव स्थायी गांव वाला मन ला नौकरी देबो करके लालच मा रखथे। दू महिना ले तीन महिना रखथे ओखर बाद ओ मन ला निकाल के बाहर करथे। बाहर के परदेसिया मन ला लाके ईहा रखथे। ते पायके मै विरोध करत हव।

